भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख ---------------------

Date of examination

पारंगत परीक्षा - मई 2023

प्रश्न पत्र - द्वितीय

समय : 3 घंटे | पूर्णांक :100

---

1. नीचे दिए गए अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं 10 शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए । (15 अंक)

1. Attestation	2. Disclosure	3. Up to Date	4. Duly
5. Bidder	6. To write off	7. Imprest money	8. Hypothecation
9. Clean advance	10. Per capita income	11. Defaulter	12. Medical prescription

2. निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें । (15 अंक)

1. The case is to be placed before the DPC.
2. You are hereby authorized to.
3. The file in question is not traceable.
4. Such action as may be deemed necessary.
5. Placed under suspension.
6. Office to note and comply.
7. Keep in abeyance.
8. After operation follow up treatment can be availed up to six months.
9. Universal encoding of all the scripted languages has been carried out.
10. It adjourned sine die.

3. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हीं दो पर यथा निर्देशित मसौदे तैयार करें। (20 + 20 अंक)

(क) आपके कार्यालय के एक उप निदेशक, श्री ------------ एक सप्ताह के दौरे पर शिलांग जा रहे हैं । उन्होंने छुट्टी यात्रा रियायत अग्रिम के रूप में रु0 30,000/- की मांग की है । इनके द्वारा प्रस्तुत यात्रा का अनुमानित व्यय भी रु0 30,000/- है । नियमानुसार अनुमानित व्यय का 80% अग्रिम ही मंजूर किया जा सकता है । इस संबंध में एक टिप्पणी एवं जारी किए जाने वाले संस्वीकृति आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ख) आपके मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट का प्रकाशन 31 मार्च से पहले किया जाना है । इस रिपोर्ट के प्रकाशन हेतु संबद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों से आवश्यक सूचनाएँ माँगी गई हैं लेकिन कुछ कार्यालयों से अभी तक ये सूचनाएँ प्राप्त नहीं हुई हैं । कार्य की प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए अधिकारी को स्थिति से अवगत कराने के लिए सहायक स्तर पर टिप्पणी लिखिए एवं माँगी गई सूचना अविलंब भिजवाने का अनुरोध करते हुए एक अर्ध सरकारी पत्र का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ग) श्री ---------- ने आर.टी.आई. के तहत इस कार्यालय से सूचना माँगी थी, माँगी गई सूचना एकत्र कर ली गई है जो कि 268 पृष्ठों की है । अत: श्री ---------- से 268 पृष्ठों का फोटो कापी शुल्क जो कि रु0 2/- प्रति कापी है, के हिसाब से फीस माँगने के लिए कार्रवाई करने हेतु आवश्यक टिप्पणी और पत्र का मसौदा तैयार कीजिए ।

4. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हीं दो पर मसौदा तैयार करें। (10 + 10 अंक)

(क) आपके कार्यालय में सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जाना है । पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । सभी कार्मिकों की सूचना के लिए प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कार योजनाओं के पूर्ण विवरण सहित एक परिपत्र का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) आपके कार्यालय के एक कर्मचारी ने बिना सी.जी.एच.एस. से रेफर कराए निजी/पैनल के अस्पताल में इलाज कराने के बाद भुगतान हेतु अपना चिकित्सा बिल प्रस्तुत किया है । चिकित्सा के दौरान उन्होंने न तो कार्यालय को सूचित किया और न ही इसकी पूर्वानुमति ही ली । इस संबंध में कर्मचारी को सूचित करने के लिए कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार कीजिए जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि बिना आपातकालीन प्रमाण पत्र के बिल का भुगतान नहीं किया जा सकता ।

(ग) अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री क.ख.ग. का अकस्मात निधन हो जाने के कारण तथा नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक असम के राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपे जाने के संबंध में एक अधिसूचना का मसौदा तैयार कीजिए ।

5. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 15 वाक्य लिखिए । (10 अंक)

(क) कोरोना संक्रमण काल में भारत

(ख) नई शिक्षा नीति

(ग) राजभाषा हिंदी